Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Law

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 5 8 1 3**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Social, economic and political Justice is
(A) an idea enshrined in the Preamble to the Constitution of India
(B) guaranteed by Fundamental Rights in the Constitution of India
(C) a Directive Principle of State Policy taken into consideration while making enactments
(D) guaranteed to the people by the writs issued by the High Courts and Supreme Court

**2.** Without paying proper remuneration, labour taken from the prisoners is 'forced labour' and violation of
(A) Art. 20 of the Constitution of India
(B) Art. 21 of the Constitution of India
(C) Art. 22 of the Constitution of India
(D) Art. 23 of the Constitution of India

**3.** Art. 51A of the Constitution of India provides for the Fundamental Duties of
(A) Citizens of India
(B) Public Servants
(C) All those who run public and private sectors
(D) Prime Minister and his Council of Ministers

**4.** The appropriate writ issued by Supreme Court to quash the appointment of a person to a public office is
(A) Certiorari
(B) Mandamus
(C) Prohibition
(D) Quo-Warranto

**5.** The power of the President of India to issue an ordinance is a
(A) Legislative power
(B) Executive power
(C) Quasi-judicial power
(D) Judicial power

**6.** The jurisdiction of Supreme Court of India may be enlarged by
(A) The President of India
(B) The Parliament by resolution
(C) The Parliament by Law
(D) The President in consultation with the Chief Justice of India

**7.** At the first instance, the President can issue a proclamation of financial emergency for a period of
(A) Fifteen days
(B) Two months
(C) One month
(D) Six months

**8.** Legal Theory is based on
(A) a systematic study of positive laws
(B) purely logical and empirical study
(C) concepts like morality, justice and ethics
(D) total exclusion of customary practices, morality and social vagaries

**9.** Who separated jurisprudence from religion ?
(A) Kant
(B) Hugo Grotius
(C) Salmond
(D) Jethro Brown

**10.** Under how many categories the five theories of punishment can be divided ?
(A) 2 (B) 4
(C) 5 (D) 3

**11.** On which one of the following one can have corporeal ownership ?
(A) A right
(B) Trademark
(C) Movable property
(D) A debt



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय है
(A) भारत के संविधान की उद्देशिका में उल्लिखित विचार
(B) भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों द्वारा दी गई गारंटी
(C) अधिनियम बनाते समय ध्यान में रखे जाने वाले राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
(D) उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की जाने वाली रिटों के जरिए लोगों को दी गई गारंटी

**2.** उचित पारिश्रमिक अदा किए बिना कैदियों से लिया गया श्रम "बलपूर्वक लिया गया श्रम" है और निम्नलिखित का उल्लंघन है
(A) भारत के संविधान के अनुच्छेद 20 का
(B) भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 का
(C) भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 का
(D) भारत के संविधान के अनुच्छेद 23 का

**3.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 51-क में मूल कर्तव्य दिए गए हैं
(A) भारत के नागरिक के
(B) लोक सेवक के
(C) उन सबके, जो सरकारी या निजी क्षेत्र चलाते हैं
(D) प्रधान मंत्री और मंत्रिपरिषद के

**4.** उच्चतम न्यायालय द्वारा किसी लोक पद पर किसी व्यक्ति की नियुक्ति को निरस्त करने हेतु निम्न रिट जारी की जा सकती है
(A) उत्प्रेषण (B) परमादेश
(C) प्रतिषेध (D) अधिकार पृच्छा

**5.** भारत के राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति है
(A) विधायी शक्ति
(B) कार्यपालिका शक्ति
(C) अर्द्ध-न्यायिक शक्ति
(D) न्यायिक शक्ति

**6.** भारत के उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता बढ़ाई जा सकती है
(A) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(B) संसद के संकल्प द्वारा
(C) संसद द्वारा विधि बनाकर
(D) भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करके राष्ट्रपति द्वारा

**7.** पहली बार में, राष्ट्रपति वित्तीय आपातकाल की उद्घोषणा निम्नलिखित अवधि के लिए कर सकते हैं :
(A) पंद्रह दिन के लिए
(B) दो माह के लिए
(C) एक माह के लिए
(D) छह माह के लिए

**8.** विधिक सिद्धांत (लीगल थ्योरी) निम्नलिखित पर आधारित हैं :
(A) सकारात्मक विधियों का सुव्यवस्थित अध्ययन
(B) विशुद्ध तार्किक और प्रयोगाश्रित अध्ययन
(C) नैतिकता, न्याय और नीति जैसी संकल्पनाएँ
(D) पारंपरिक परिपाटियों, नैतिकता और सामाजिक सनक का पूर्णत: बहिष्कार

**9.** धर्म से विधिशास्त्र को किसने पृथक किया ?
(A) कांट (B) ह्यूगो ग्रोसियस
(C) सामण्ड (D) जेथ्रो ब्राउन

**10.** दंड के पाँच सिद्धांतों को कितने वर्गों में विभाजित किया जा सकता है ?
(A) 2 (B) 4
(C) 5 (D) 3

**11.** निम्नलिखित में से किस एक पर मूर्त स्वामित्व हो सकता है ?
(A) अधिकार (B) ट्रेड मार्क
(C) चल संपत्ति (D) ऋण



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

12. "Sovereignty must be determinate, it is essential, is indivisible and is unlimited and illimitable." Who conceived this about the sovereignty ?
(A) Hobbes (B) Austin
(C) Jean Bodin (D) Plato

13. Consider the following statements :
1. Statements, which are not partaking of the character of ratio decidendi can be ignored while deciding the latter case.
2. The ratio decidendi is not the reason of decision.
3. Only that part of the judgment in an earlier decision is binding which constitutes the ratio decidendi of that case.
4. A judicial decision has a binding force for subsequent cases but the whole judgment is not binding, only a part of it is biding.

Which of the above statement(s) is/are correct ?
(A) 1, 3, 4 (B) 1, 2, 3
(C) 2, 3, 4 (D) 1, 2, 4

14. "Case law is gold in the mine, a few grains of the precious metal to the tons of useless matter, while statute law is coin of the realm ready for immediate use." Who said these words ?
(A) Ihering (B) Austin
(C) Kelson (D) Salmond

15. Which of the following statements are true ?
1. There is no rule to determine when usage shall give rise to a custom.
2. Customary rules of International law are diminishing and are being replaced by Treaties and Conventions.
3. Treaty contracts are not direct source of International law.
4. International law is a positive morality.

**Codes :**
(A) 1, 2, 3 & 4 (B) 2, 3 & 4
(C) 1, 2 & 3 (D) 1 & 2

16. "The law of National or International law may be defined as the body of rules and principles of actions which are binding upon civilized states in their relations with one-another." This definition of International law was given by
(A) J.L. Brierly
(B) Torsten Vitel
(C) Hackworth
(D) None of the above

17. Match the following :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Recognition only and exclusively bestows a State with rights and duties under International Law. | i. | De-facto recognition |
| b. | It is a first step towards final recognition. | ii. | De-Jure recognition |
| c. | It is a final recognition by a State. | iii. | Declaratory Theory |
| d. | International personality of a State does not depend upon recognition. | iv. | Constitutive Theory |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | ii | i | iv |

18. The Charter of the United Nations can be amended by
(A) Five-third of the members of General Assembly.
(B) The Security Council only
(C) Two-third of the members of the U.N. including all permanent members of the Security Council after recommendations by a two-thirds vote of a conference convened for the purpose, is received .
(D) Two-thirds of the members of the Security Council including five permanent members.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**12.** "प्रभुसत्ता सुस्पष्ट की जानी चाहिए, यह अनिवार्य है, अविभाज्य है तथा असीमित है और अनंत है ।" प्रभुसत्ता के बारे में किसकी यह सोच है ?

(A) होब्स (B) ऑस्टिन
(C) जीन बाडिन (D) प्लेटो

**13.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कथन, जो विनिश्चय आधार का भाग नहीं हैं, उन्हें बाद के मुकदमे में निर्णय लेते समय छोड़ा जा सकता है ।
2. विनिश्चय आधार निर्णय का कारण नहीं है ।
3. पिछले निर्णय के न्यायनिर्णय का केवल वह भाग आबद्धकर है, जो उस मामले का विनिश्चय आधार है ।
4. न्यायिक निर्णय बाद के मुकदमों के लिए आबद्ध बल है, लेकिन संपूर्ण न्यायनिर्णय आबद्धकर नहीं है, केवल इसका एक भाग आबद्धकर है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/कौन से कथन सही है / हैं ?

(A) 1, 3, 4 (B) 1, 2, 3
(C) 2, 3, 4 (D) 1, 2, 4

**14.** "निर्णयज विधि खान का सोना है, कुछ लोग ही अनावश्यक सामग्री के भारी मात्रा में से इस कीमती धातु को प्राप्त करते हैं, जबकि परिनियम विधि तत्काल प्रयोग के लिए राज्य का तैयार सिक्का है ।" ये बात किसने कही थी ?

(A) इहरिंग (B) ऑस्टिन
(C) केलसन (D) सामण्ड

**15.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

1. यह निर्धारित करने के लिए कोई नियम नहीं है कि प्रचलन कब प्रथा बन जाती है ।
2. अंतर्राष्ट्रीय विधि के प्रथागत नियम घटते जा रहे हैं और उनके स्थान पर संधियाँ और परंपरा आती जा रही है ।
3. संधि संविदा, अंतर्राष्ट्रीय विधि का प्रत्यक्ष स्रोत नहीं है ।
4. अंतर्राष्ट्रीय विधि एक सकारात्मक नैतिकता है ।

**कूट** :

(A) 1, 2, 3 और 4
(B) 2, 3 और 4
(C) 1, 2 और 3
(D) 1 और 2

**16.** "राष्ट्र की विधि या अंतर्राष्ट्रीय विधि को ऐसी कार्रवाई के नियम और सिद्धांतों के निकाय के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो एक दूसरे के साथ उनके संबंधों में सभ्य राज्यों पर आबद्धकर होते हैं ।", अंतर्राष्ट्रीय विधि की यह परिभाषा दी है

(A) जे.एल. ब्रेयरली
(B) टार्स्टन वाइटल
(C) हेकवर्थ
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | केवल और एकमात्र मान्यता किसी राज्य को अंतर्राष्ट्रीय विधि के अधीन अधिकार और कर्तव्य प्रदान करता है । | i. | वस्तुत: मान्यता |
| b. | यह अंतिम मान्यता की दिशा में पहला कदम है । | ii. | विधित: मान्यता |
| c. | किसी राज्य द्वारा यह अंतिम मान्यता है । | iii. | घोषणात्मक सिद्धांत |
| d. | राज्य का अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व मान्यता पर निर्भर नहीं है । | iv. | आन्वयिक सिद्धांत |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | ii | i | iv |

**18.** संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में संशोधन किया जा सकता है

(A) महा सभा के पाँच-तिहाई सदस्यों द्वारा
(B) केवल सुरक्षा परिषद द्वारा
(C) संयुक्त राष्ट्र के दो-तिहाई सदस्यों द्वारा, जिनमें सुरक्षा परिषद के सभी स्थायी सदस्य भी शामिल हो, लेकिन ऐसा इस प्रयोजन के लिए बुलाए गए सम्मेलन के दो-तिहाई मत द्वारा की गई सिफारिश पर किया जाता है ।
(D) सुरक्षा परिषद के दो-तिहाई सदस्यों द्वारा, जिनमें पाँच स्थायी सदस्य भी शामिल हों ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**19.** In which of the following case, International Court of Justice denied existence of customary rule ?

(A) North Sea Continental Shelf case.

(B) The Lotus case.

(C) Both of the above.

(D) None of the above.

**20.** Which organ of the United Nations has been given responsibility of promoting international co-operation in the realisation of human rights ?

(A) General Assembly

(B) Security Council

(C) Both of the above

(D) None of the above

**21.** In which of the following case the Supreme Court held that even the wife of a void marriage is entitled to maintenance ?

(A) Amarjeet Kaur Vs. Harbhajan Singh (2003) 10 SCC 228.

(B) Chand Dhawan Vs. Jawaharlal Dhawan (1993) 3 SCC 406.

(C) Nirmala Devi Vs. Ram Dass (2001) 2 SCC. 4

(D) Ramesh Chandra Vs. Veena Kausal AIR 1978 SC 1807

**22.** In which of the following case, the court held that "Dower is a sale price of woman" ?

(A) Maina Bibi case

(B) Humara Bibi case

(C) Subrunnisan case

(D) Abdul Kadir case

**23.** Read Assertion (A) and Reason (R). Find correct answer using codes given below :

**Assertion (A) :** "Option of Puberty" is an easy process to repudiate the marriage under Hindu Law.

**Reason (R) :** "Option of Puberty" is not an easy process to repudiate the marriage under Muslim Law.

**Codes :**

(A) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(B) (A) and (R) both are correct.

(C) (R) is correct, but (A) is incorrect.

(D) (A) and (R) both are incorrect.

**24.** 'Tuhr' means

(A) Period of menstruation

(B) Period of iddat

(C) Period between menstruation

(D) None of the above

**25.** Match an item in List – I with correct answer in List – II using the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Gujarat Women's Workers Association Vs. Union of India | i. | Dower |
| b. | Humara Bibi Vs. Zubaida Bibi | ii. | Triple Divorce |
| c. | Anwari Begum Vs. Ziauddin | iii. | Uniform Civil Code |
| d. | Bai Tahira Vs. Ali Hussain Fissalli | iv. | Maintenance |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | ii | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**19.** निम्नलिखित मुकदमों में से किसमें अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने प्रथागत नियम के अस्तित्व से इन्कार किया था ?

(A) उत्तर सागर महाद्वीपीय शेल्फ मुकदमा

(B) द लोटस मुकदमा

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** संयुक्त राष्ट्र के किस अंग को मानव अधिकार का बोध कराने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है ?

(A) साधारण सभा

(B) सुरक्षा परिषद

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** निम्न मामलों में से किसमें सर्वोच्च न्यायालय ने निर्धारित किया कि शून्य विवाह में भी पत्नी को भरण-पोषण दिया जायेगा ?

(A) अमरजीत कौर बनाम हरभजन सिंह (2003) 10 एस.सी.सी. 228

(B) चांद धवन बनाम जवाहरलाल धवन (1993) 3 एस.सी.सी. 406

(C) निर्मला देवी बनाम रामदास (2001) 2 एस.सी.सी. 4

(D) रमेशचन्द्र बनाम वीना कौशल ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 1807

**22.** निम्न मामलों में से किसमें न्यायालय ने यह कहा है कि “महर महिला का विक्रय मूल्य है” ?

(A) मेना बीबी का वाद

(B) हुमेरा बीबी का वाद

(C) सब्रुन्निसां का वाद

(D) अब्दुल कादिर का वाद

**23.** अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए तथा नीचे दिए हुए कूट की सहायता से सही स्पष्टीकरण को निर्दिष्ट कीजिए :

**अभिकथन (A)** : हिन्दू विधि में यौवनारंभ का विकल्प (ऑप्शन ऑफ पबर्टी) विवाह समाप्त करने का सरल तरीका है ।

**कारण (R)** : मुस्लिम विधि में यौवनारंभ का विकल्प (ऑप्शन ऑफ पबर्टी) विवाह समाप्ति का सरल तरीका नहीं है ।

**कूट** :

(A) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) एवं (R) दोनों सही हैं ।

(C) (R) सही है, किन्तु (A) गलत है ।

(D) (A) एवं (R) दोनों गलत हैं ।

**24.** तुहर का अर्थ है

(A) रजोधर्म का समय

(B) इद्दत का समय

(C) रजोधर्म के बीच का समय

(D) इनमें से कोई नहीं

**25.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | गुजरात वुमन्स वर्कर्स एसोसिएशन बनाम भारत संघ | i. | महर |
| b. | हुमेरा बीबी बनाम जुबेदा बीबी | ii. | तीन तलाक |
| c. | अनवरी बेगम बनाम जियाउद्दीन | iii. | समान व्यवहार संहिता |
| d. | बाई ताहीरा बनाम अली हुसैन फीसाली | iv. | भरण-पोषण |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | ii | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**26.** Which form of talaq is revocable during period of 'iddat' ?

(A) Talaq-i-Ahsan

(B) Talaq-i-Hasan

(C) Triple Talaq

(D) None of the above

**27.** Essentials of valid contract is

(A) Meeting of minds

(B) Meeting of parties

(C) Meeting to discuss consideration

(D) Meeting to discuss proposal and acceptance

**28.** Read Assertion (A) and Reason (R) and with help of codes given below, point out the correct explanation.

**Assertion (A) :** A proposal, when accepted, results in an agreement.

**Reason (R) :** It is only after the acceptance of the proposal that a contract between the two parties can arise.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is good explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not a correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**29.** A minor is son of a beggar. He is told by a law professor that he would not be liable for any goods he purchases. The minor purchases a car and a bread loaf. Decide liability for payment of car and bread loaf, using codes given below.

(A) The minor is liable to pay price of car and bread loaf.

(B) The minor is liable to pay reasonable compensation for car.

(C) The minor is liable to pay price of bread.

(D) The minor's parent/guardian is liable to pay reasonable compensation for bread loaf.

**30.** Arrange following concepts in sequence in which they occur, using codes given below :

(i) Offer

(ii) Acceptance

(iii) Damage

(iv) Damages

**Codes :**

(A) (iv), (iii), (ii), (i)

(B) (i), (ii), (iv), (iii)

(C) (i), (iv), (ii), (iii)

(D) (i), (ii), (iii), (iv)

**31.** A contract may be vitiated by :

(i) Fraud

(ii) Mistake

(iii) Frustration

(iv) Undue influence

Find correct answer, using codes :

**Codes :**

(A) Only (i) is correct.

(B) Only (i) and (ii) are correct.

(C) Only (i), (ii) and (iii) are correct.

(D) All are correct.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

26. 'इद्दत के समय' में कौन सी तलाक वापस ली जा सकती है ?

(A) तलाक-ए एहसन

(B) तलाक-ए हसन

(C) तीन तलाक

(D) इनमें से कोई नहीं

27. विधिमान्य संविदा का घटक हैं

(A) मनों का मिलना

(B) पक्षकारों का मिलना

(C) प्रतिफल पर चर्चा करने के लिए बैठक

(D) प्रस्ताव पर चर्चा करने और स्वीकृति के लिए बैठक

28. अभिकथन (A) और तर्क (R) को पढ़ें और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही व्याख्या को चिह्नित कीजिए :

**अभिकथन (A)** : किसी प्रस्ताव को जब स्वीकार किया जाता है तो वह करार बन जाता है ।

**कारण (R)** : किसी प्रस्ताव को स्वीकृत किए जाने के बाद कोई प्रस्ताव करार बनता है, जिससे दो पक्षकारों के बीच संविदा निष्पादित की जा सकती है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की अच्छी व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है ।

29. एक अवयस्क एक भिखारी का बेटा है । उसे एक कानून के प्रोफेसर ने कहा कि उसे अपने द्वारा खरीदे जाने वाले किसी माल के संबंध में कोई अदायगी नहीं करनी होगी । अवयस्क ने एक कार और एक डबल रोटी खरीदी । नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए कार और डबल रोटी की अदायगी के संबंध में देयता तय कीजिए ।

(A) अवयस्क को कार और रोटी की कीमत अदा करनी होगी ।

(B) अवयस्क को कार के लिए उचित मुआवजा अदा करना होगा ।

(C) अवयस्क को डबल रोटी की कीमत अदा करनी होगी ।

(D) अवयस्क के माता-पिता/संरक्षक को डबल रोटी के लिए उचित मुआवजा अदा करना होगा ।

30. नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए निम्नलिखित संकल्पनाओं को उस क्रम में रखिए, जिसमें वे घटित होती हैं :

(i) प्रस्ताव

(ii) स्वीकृति

(iii) क्षति

(iv) क्षतिपूर्ति

**कूट** :

(A) (iv), (iii), (ii), (i)

(B) (i), (ii), (iv), (iii)

(C) (i), (iv), (ii), (iii)

(D) (i), (ii), (iii), (iv)

31. कोई संविदा अमान्य हो सकती है

(i) कपट के कारण

(ii) गलती के कारण

(iii) कुंठा के कारण

(iv) अनुचित प्रभाव के कारण

निम्नलिखित कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(A) केवल (i) सही है ।

(B) केवल (i) और (ii) सही हैं ।

(C) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

(D) सभी सही हैं ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

32. Match items in Table A with items in Table B, using codes given below :

| | **Table – A** | | **Table – B** |
|---|---|---|---|
| a. | Promise | i. | Section 56 |
| b. | Frustration | ii. | Section 2(d) |
| c. | Effect of refusal to accept offer of performance | iii. | Section 26 |
| d. | Agreement in restraint of marriage | iv. | Section 38 |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | d | a | c |
| (B) | b | a | d | c |
| (C) | a | b | d | c |
| (D) | a | b | c | d |

33. P, owner of a car, asked his friend Q to drive the car to Bombay where he would join him. As the car was about five kilometres from Bombay, it hit a pedestrian R, on account of Q's negligent driving and injured him seriously. R sued P for damages. In this case :
(A) P is not liable.
(B) The liability is solely of Q, as P was not accompanying him.
(C) Since Q was driving P's car was under his authority, P is liable.
(D) P has the defence of inevitable accident.

34. "If it was lawful act, however ill the motive might be, the defendant had a right to do it." This observation was made by the court in one of the following cases :
(A) Mayor of Bradford Corporation Vs. Pickles
(B) Ashby Vs. White
(C) Christie Vs. Davey
(D) Hollywood Silver Fox Farm Ltd. Vs. Emmet

35. P and Q, unknown to R, sought and got a lift in R's car, but on account of some mechanical defect in the car, of which R was not aware, one of the front wheels of the car got detached and flew away, and the car toppled. P and Q got serious injuries and later on, P died of his injuries. Q and P's next kin sued R for damages for negligent driving. What defence R has ?
(A) Volenti non fit injuria
(B) No responsibility towards P and Q who got a free lift
(C) Inevitable accident
(D) No defence

36. In contributory negligence :
(A) Both parties have contributed to the negligence equally.
(B) Only one party is negligent and other has not taken due care.
(C) One party is negligent resulting in injury while the other has taken due care.
(D) When lack of care is equal on both sides.

37. P shoot at Q with the view to kill him. When Q was being taken to hospital, a tree fell upon Q on the way and Q died in the hospital a few days later. If it was proved that the falling of the tree caused Q's death, then
(A) P shall be responsible for the death of Q.
(B) Falling of tree has broken the chain of causation.
(C) P is not liable to pay compensation to the dependents of Q.
(D) P is responsible for the death of Q as Q's death was the direct consequence of P's act.

38. Which one of the following has been laid down as basis of responsibility by the rule in Rylands Vs. Fletcher ?
(A) Fault liability
(B) Conditional liability
(C) Strict liability
(D) Insurance liability



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**32.** नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए तालिका A में दी गई मदों को तालिका B में दी गई मदों से सुमेलित कीजिए :

| | **तालिका – A** | | **तालिका – B** |
|---|---|---|---|
| a. | वचन | i. | धारा 56 |
| b. | कुंठा | ii. | धारा 2 (घ) |
| c. | कार्य-निष्पादन के प्रस्ताव को स्वीकार करने से इन्कार करने के कारण | iii. | धारा 26 |
| d. | विवाह के अवरोधक में करार | iv. | धारा 38 |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | d | a | c |
| (B) | b | a | d | c |
| (C) | a | b | d | c |
| (D) | a | b | c | d |

**33.** ‘पी’ एक कार मालिक ने अपने मित्र ‘क्यू’ को कहा कि वह बम्बई तक कार चलाकर आवे जहाँ वह उसके साथ मिल जायेगा । जब कार बम्बई से पाँच किलोमीटर दूर थी ‘क्यू’ ने लापरवाहीपूर्वक कार चलाने के कारण ‘आर’ को कार से टक्कर मारी और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया । ‘आर’ ने ‘पी’ के विरूद्ध हर्जाने का दावा किया । इस मामले में

(A) ‘पी’ दायित्वाधीन नहीं है ।

(B) पूर्ण दायित्व ‘क्यू’ का है क्योंकि ‘पी’ उसके साथ नहीं था ।

(C) ‘क्यू’ सिर्फ कार चला रहा था ‘पी’ की कार उसके अधीन थी, इसलिये ‘पी’ दायित्वाधीन है ।

(D) ‘पी’ के पास अवश्यंभावी दुर्घटना का बचाव है ।

**34.** “यदि यह विधिपूर्ण कार्य था, भले ही इसका हेतु गलत ही हो, प्रतिवादी को इसे करने का अधिकार था ।” यह विचार न्यायालय द्वारा निम्नलिखित वादों में से किस एक वाद में व्यक्त किया गया ?

(A) मेयर ऑफ ब्रेडफोर्ड कॉरपोरेशन बनाम पिकल्स

(B) एश्बी बनाम व्हाइट

(C) क्रिस्टी बनाम डावे

(D) हॉलीवुड सिल्वर फॉक्स फार्म लिमिटेड बनाम ईमेट

**35.** P और Q, जिन्हें R नहीं जानता है, ने R की कार में ले जाने की माँग की तथा ले जाया गया, लेकिन कार में कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण, जिसे R नहीं जानता था, कार के अगले पहियों में से एक अलग हो कर दूर हो गया तथा कार गिर पड़ी । P और Q को गम्भीर चोट लगी तथा बाद में P की उस चोट के कारण मृत्यु हो गई । Q तथा P के नजदीकी रिश्तेदारों ने उपेक्षापूर्ण चालन के लिये R के विरूद्ध वाद दायर किया । R के पास क्या बचाव है ?

(A) वोलेन्टाइ नॉन फिट इन्जूरिया

(B) P तथा Q, जो कार में नि:शुल्क ले जाये गये, के प्रति कोई उत्तरदायित्व नहीं है ।

(C) अवश्यंभावी दुर्घटना

(D) कोई बचाव नहीं

**36.** योगदायी उपेक्षा में

(A) दोनों पक्षकारों ने उपेक्षा में समान रूप से योगदान किया है ।

(B) केवल एक पक्षकार असावधान होता है तथा दूसरे पक्षकार ने यथोचित सावधानी नहीं बरती है ।

(C) एक पक्षकार की असावधानी के कारण क्षति हुई है जबकि दूसरे पक्षकार ने यथोचित सावधानी बरती है ।

(D) जबकि असावधानी दोनों ओर से बराबर-बराबर हुई है ।

**37.** P ने Q को जान से मारने के उद्देश्य से गोली मार दी । जब Q को अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में Q के ऊपर एक पेड़ गिर गया तथा कुछ दिनों पश्चात Q की अस्पताल में मृत्यु हो गई । यदि यह सिद्ध हो जाये कि Q कि मृत्यु पेड़ के गिरने के कारण ही हुई थी, तो

(A) P, Q की मृत्यु के लिये उत्तरदायी होगा ।

(B) पेड़ के गिरने से कारणत्व की कड़ी टूट गई है ।

(C) P, Q के आश्रितों को मुआवजा (क्षतिपूर्ति) देने के लिये उत्तरदायी नहीं है ।

(D) P, Q की मृत्यु के लिये उत्तरदायी है क्योंकि P का कृत्य ही Q की मृत्यु का प्रत्यक्ष परिणाम है ।

**38.** रायलैण्ड्स बनाम फ्लैचर में प्रतिपादित सिद्धांत के द्वारा निम्नलिखित में से किस एक को उत्तरदायित्व का आधार माना गया है ?

(A) त्रुटि दायित्व (B) सशर्त दायित्व

(C) कठोर दायित्व (D) बीमा दायित्व



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**39.** Read Assertion – I and Reason – II and with the help of codes given below decide what offence if any was committed ?

**Assertion – I :** A and Z agree to fence with each other for a game. But because of foul, despite playing fairly, Z was injured.

**Reason – II :**

a. No offence by virtue of consent between A and Z.

b. Consent was obtained in good faith to gain prize, so no offence by A.

c. A is criminally liable because he had knowledge about the likelihood of injury.

d. Despite implied consent the intention was bad so A is liable.

**Codes :**

(A) Reason 'a' is true when 'b', 'c' and 'd' are not asserted.

(B) Reason 'b' is true when 'a', 'c' and 'd' are not asserted.

(C) Reason 'c' is true when 'a', 'b' and 'd' are not asserted.

(D) Reason 'd' is true when 'a', 'b' and 'c' are not asserted.

**40.** Read Assertion – I and Reason – II and with the help of codes given below select the correct answer :

**Assertion – I :** Common intention is asserted.

**Reason – II :**

a. A period which is anterior in time among the offenders.

b. From the facts of pre-arranged plan.

c. From the act of conduct resulting from prior concert.

d. From the totality of circumstances in which the act was committed.

**Codes :**

(A) 'a' is false because 'b', 'c' and 'd' do not support it.

(B) 'd' is true as 'a', 'b' and 'c' support it.

(C) 'c' is true irrespective of support of 'a', 'b' and 'd'.

(D) 'b' is true being supported by 'a', 'c' and 'd'.

**41.** Select the statement that is most suitable in law :

Culpable homicide is not murder when one is deprived of the power of self-control resulting from :

(A) Grave and sudden provocation

(B) When death results by voluntary provocation.

(C) Where death results in course of obedience of law.

(D) When death results by mistake.

**42.** B a married man commits sex with C a girl child of 16 years with her consent. What offence B has committed ?

(A) Adultery

(B) Rape

(C) No offence

(D) Sexual outraging

**43.** Fill in the blank :

Extortion is ________, when it is committed under fear of instant hurt.

(A) Theft

(B) Attempt to steal property

(C) Robbery

(D) Wrongful restraint

**44.** Find answer of the following question :

What is the distinctive feature between false information and false charging ?

(A) Using lawful power to cause annoyance so as to institute a criminal proceeding.

(B) To omit act which ought not to be done.

(C) A case for false information can only be started by a complaint while false charge can be initiated by police.

(D) There is no real distinction.

**45.** Collective bargaining serves purposes :

(A) Regulating wages and conditions of service

(B) Regulating labour management relations.

(C) Both (A) and (B).

(D) None of the above.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**39.** अभिकथन (I) और तर्क (II) को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से तय कीजिए कि कौन सा अपराध, यदि कोई हो, किया गया ?

**अभिकथन (I) :**

A और Z एक खेल के लिए एक दूसरे का मुकाबला करने के लिए सहमत हैं । निष्पक्षता के परे, गलती से खेलने के कारण Z चोटग्रस्त हुआ ।

**तर्क (II) :**

(a) A और Z के बीच सहमति होना कोई अपराध नहीं है ।

(b) पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सदाशयता से सहमति प्राप्त की गई थी, अत: A का कोई अपराध नहीं है ।

(c) A आपराधिक रूप से जिम्मेदार है क्योंकि उसे चोट की संभावना के बारे में जानकारी थी ।

(d) सहमति होने के बावजूद इरादा खराब था, अत: A जिम्मेदार है ।

**कूट :**

(A) तर्क (a) सही है, जबकि (b), (c) और (d) अभिकथन नहीं हैं ।

(B) तर्क (b) सही है, जबकि (a), (c) और (d) अभिकथन नहीं हैं ।

(C) तर्क (c) सही है, जबकि (a), (b) और (d) अभिकथन नहीं हैं ।

(D) तर्क (d) सही है, जबकि (a), (b) और (c) अभिकथन नहीं हैं ।

**40.** अभिकथन (I) और तर्क (II) को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (I) :**

संयुक्त इरादा अभिकथित है ।

**तर्क (II) :**

(a) एक अवधि, जो अपराधियों में समय की दृष्टि से पहले होता है ।

(b) पूर्व-निर्धारित योजना के तथ्यों से

(c) पूर्व सहमति के परिणामत: आचरण से

(d) ऐसी परिस्थितियों की समग्रता से जिनमें कृत्य किया गया था ।

**कूट :**

(A) (a) गलत है, क्योंकि (b), (c) और (d) उसका समर्थन नहीं करते हैं ।

(B) (d) सही है, क्योंकि (a), (b) और (c) उसका समर्थन करते हैं ।

(C) (a), (b) और (d) के समर्थन के बिना भी (c) सही है ।

(D) (b) सही है, क्योंकि (a), (c) और (d) उसका समर्थन करते हैं ।

**41.** उस कथन का चयन कीजिए, जो विधि में अत्यधिक उपयुक्त हो ।

आपराधिक मानवहत्या उस स्थिति में हत्या नहीं है, जब निम्नलिखित के कारण कोई आत्म-नियंत्रण की शक्ति खो देता है

(A) गंभीर और अचानक उत्तेजना ।

(B) यदि स्वैच्छिक उत्तेजना के कारण मृत्यु होती है ।

(C) कानून का पालन करने के दौरान मृत्यु हो ।

(D) यदि गलती से मृत्यु हो ।

**42.** एक विवाहित व्यक्ति B, 16 वर्ष की लड़की C के साथ उसकी सहमति से संभोग करता है । B ने कौन सा अपराध किया है ?

(A) जारकर्म (B) बलात्कार

(C) कोई अपराध नहीं (D) शील भंग करना

**43.** खाली स्थान भरिए :

खसोट उस स्थिति में _______ है, जब तत्काल चोट पहुँचाने का भय दिखाकर ऐसा किया जाता है ।

(A) चोरी

(B) संपत्ति की चोरी का प्रयास

(C) डकैती

(D) अनुचित रूप से रोकना

**44.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए :

झूठी सूचना देने और झूठे आरोप लगाने में क्या अंतर है ?

(A) नाराज करने के लिए विधिसम्मत शक्ति का प्रयोग करना, ताकि आपराधिक कार्यवाही की जा सके ।

(B) ऐसे कार्य का हटाना, जिसे किया नहीं जा सकता है ।

(C) शिकायत के द्वारा केवल झूठी सूचना देने का मुकदमा शुरू किया जा सकता है, जबकि पुलिस द्वारा झूठे आरोप लगाए जा सकते हैं ।

(D) कोई वास्तविक अंतर नहीं है ।

**45.** सामूहिक सौदेबाजी निम्नलिखित प्रयोजन हल करती है

(A) मजदूरी का विनियमन और सेवा शर्तें

(B) श्रम प्रबंधन संबंधों का नियमन

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**46.** In which country where statutes make it obligatory to negotiate non-performance of the obligation invites penalty, failure to carry obligation is treated as unfair labour practice ?

(A) U.K.

(B) U.S.A.

(C) France

(D) India

**47.** In which of the following case, the Supreme Court held that "there was no rule of thumb that in every case of termination of workman's service in violation of Section 25F of ID Act relief of re-instatement should be granted ?

(A) Talwara Co-operative Credit & Service Society Ltd. Vs. Sushil Kumar (2009) I LLJ 326 S.C.

(B) Gujarat Steel Tubes Ltd. Vs. G.S.T. Mazdoor Sabha (1980) I LLJ 137 (S.C.)

(C) Mavji C. Lakum Vs. Central Bank of India (2008) III LLJ.1.(SC)

(D) None of the above

**48.** The Registrar to Pensions Appeal Tribunal was appointed as presiding officer of a Labour Court. The appointment is

(A) Valid

(B) Void

(C) Void ab-initio

(D) None of the above

**49.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| | **List – I (Subject)** | | **List – II (Provisions of ID Act)** |
|---|---|---|---|
| a. | Tribunal | i. | Section 2(ra) |
| b. | Wages | ii. | Section 2(r) |
| c. | Unfair Labour Practices | iii. | Section 2 (rb) |
| d. | Village Industries | iv. | Section 2 (rr) |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | iii | ii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**50.** Read Assertion (A) and Reason (R), using codes given below, select correct answer :

**Assertion (A) :** Strike is individual stoppage of work to press management to get more pay.

**Reason (R) :** Individual has fundamental right of strike.

**Codes :**

(A) (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(B) (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) and (R) are false.

(D) (A) is true, but (R) is false.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**46.** ऐसा कौन सा देश है, जहाँ प्रास्थिति इस बात के लिए बाध्य करती है कि दायित्व का गैर-कार्यनिष्पादन के लिए बातचीत करने से दंड लगाया जा सकता है, दायित्वों को पूरा न करना अनुचित श्रम व्यवहार है ?

(A) यू.के.

(B) यू.एस.ए.

(C) फ्रांस

(D) भारत

**47.** निम्नलिखित में से किस मुकदमें में उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया है कि "थम्ब का ऐसा कोई नियम नहीं है कि औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 25 च का उल्लंघन करते हुए कर्मकार की सेवा समाप्ति के प्रत्येक मुकदमे में बहाली की राहत दी जानी चाहिए" ?

(A) तलवारा को-ऑपरेटिव क्रेडिट एण्ड सर्विसेज सोसाइटी लि. बनाम सुशील कुमार (2009) I. एल.एल.जे. 326 (एस.सी.)

(B) गुजरात स्टील ट्यूब्स लिमिटेड बनाम जी.एस.टी. मजदूर सभा (1980) I. एल.एल.जे. 137 (एस.सी.)

(C) मावजी सी. लकुम बनाम सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (2008) III एल.एल.जे. 1 (एस.सी.)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** पेंशन अपील न्यायाधिकरण के रजिस्ट्रार को श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के रूप मे नियुक्त किया गया था। यह नियुक्ति है

(A) विधिमान्य

(B) शून्य

(C) शून्य आदित:

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I (विषय)** | | **सूची – II (औद्योगिक विवाद अधिनियम का प्रावधान)** |
|---|---|---|---|
| a. | न्यायाधिकरण | i. | धारा 2 (आर.ए.) |
| b. | मजदूरी | ii. | धारा 2(आर) |
| c. | अनुचित श्रम व्यवहार | iii. | धारा 2 (आर.बी.) |
| d. | ग्राम उद्योग | iv. | धारा 2 (आर.आर.) |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | iii | ii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**50.** अभिकथन (A) और तर्क (R) को पढ़िए, नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A)** : हड़ताल अधिक वेतन पाने के लिए प्रबंधक वर्ग पर दबाव डालने हेतु व्यक्तिगत कार्य को रोकना है ।

**तर्क (R)** : व्यक्ति को हड़ताल करने का मौलिक अधिकार है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) और (R) गलत हैं ।

(D) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in